# PRE-BOARD EXAMINATION (2023-24)
# CLASS : X
# SUBJECT : SOCIAL SCIENCE (087)

**Time Allowed : 3 hours** **Maximum Marks : 80**
**समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

***सामान्य-निर्देश :***

*(i)* *यह प्रश्न पत्र छह खण्डों में विभाजित है - खण्ड क, खण्ड ख, खण्ड ग, खण्ड घ, खण्ड ङ एवं खण्ड च। इस प्रश्न पत्र में कुल 37 प्रश्न हैं।*

*(ii)* *सभी प्रश्न अनिवार्य है। यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक चयन उपलब्ध है। उनमें में से किसी एक प्रश्न को ही कीजिए।*

*(iii)* *प्रश्नों के सामने उनके निर्धारित अंक लिखे हुए हैं।*

*(iv)* *खण्ड 'क' (प्रश्न संख्या 1 से 20 तक) 1 अंक वाले बहुवैकल्पिक प्रकार के प्रश्न हैं।*

*(v)* *खण्ड 'ख' (प्रश्न संख्या 21 से 24 तक) में 2 अंक वाले अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।*

*(vi)* *खण्ड 'ग' (प्रश्न संख्या 25 से 29 तक) में 3 अंक वाले लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर 60 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।*

*(vii)* *खण्ड 'घ' (प्रश्न संख्या 30 से 33 तक) में 5 अंक वाले दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर 120 शब्दों नहीं होने चाहिए।*

*(viii)* *खण्ड 'ङ' (प्रश्न संख्या 34 से 36 तक) में 4 अंक वाले केस आधारित प्रश्न है।*

*(ix)* *खण्ड 'च' (प्रश्न संख्या 37) एक मानचित्र आधारित प्रश्न है जो 5 अंकों का है जिसमें 37a इतिहास से सम्बंधित 2 अंकों का मानचित्र कार्य और 37b भूगोल से सम्बंधित 3 अंकों का मानचित्र कार्य है।*

*(x)* *मानचित्र आधारित प्रश्न संख्या 37 के स्थान पर **दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए** अलग से प्रश्न दिए गए हैं।*

***GENERAL INSTRUCTIONS :***

*(i)* *The question paper is divided into six sections - Section A, Section B, Section C, Section D, Section E and Section F. The question paper has 37 questions in all.*

*(ii)* *All questions are compulsory; however internal choice is given in some questions. Attempt any one of them.*

*(iii)* *Marks are indicated against each question.*

*(iv)* *Section A (Questions from serial number 1 to 20) has Multiple Choice type questions of I mark each.*

*(v)* *Section B (Questions from serial number 21 to 24) are Very Short Answer type questions of 2 marks each. Answer of these questions should not exceed 40 words each.*

*(vi)* *Section C (Questions from serial number 25 to 29) are Short Answer type questions of 3 marks each. Answer of these questions should not exceed 60 words each.*

*(vii)* *Section D (Questions from serial number 30 to 33 ) are Long Answer type questions of 5 marks each. Answer of these questions should not exceed 120 words each.*

*(viii)* *Section E (Questions from serial number 34 to 36) are case based questions, carrying 4 marks each.*

*(ix)* *Section F (Question number 37) is a map based question of 5 marks, in which 37a is History related map work of 2 marks while 37b is Geography related map work of 3 marks.*

*(x)* *Separate questions are given for **Visually Impaired Students only** in lieu of map based question number 37.*

*************

## खंड-क ( बहु-विकल्पीय प्रश्न )

**(20x1=20)**

1. मान लीजिए आप एक बैंक में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। आपके समक्ष ऋण वितरण के लिए चार आवेदन आए हैं (जिनका विवरण नीचे तालिका में दिया गया है।) यदि अन्य कारक समान हों तो बताइए आप निम्नलिखित में से किसे सबसे पहले ऋण प्रदान करेंगे ताकि ऋण की वापसी समय पर हो सके। (1)

| आवेदक का नाम | आवश्यक कागजात | समर्थक ऋणाधार | पुराना ऋण |
|---|---|---|---|
| मोहन | हाँ | हाँ | नहीं |
| श्याम | हाँ | नहीं | हाँ |
| दीपक | नहीं | नहीं | हाँ |
| विनोद | नहीं | नहीं | नहीं |

(a) मोहन (b) श्याम

(c) दीपक (d) विनोद

2. निम्नलिखित में से किसने 'बाँधों को आधुनिक भारत के मंदिर' की संज्ञा दी? (1)

(a) महात्मा गांधी (b) पंडित जवाहर लाल नेहरू

(c) सरदार वल्लभ भाई पटेल (d) लाल बहादुर शास्त्री

3. श्रीमती पूनम संगठित क्षेत्रक में कार्यरत है। बताइए निम्नलिखित में से कौन सी सुविधा उन्हें प्राप्त होगी? (1)

1. नियमित वेतन
2. सवेतन अवकाश
3. रोजगार की असुरक्षा

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) केवल 1 व 3 (d) कथन 1 व 2

## SECTION-A (Multiple-Choice Questions)

**(20x1=20)**

1. Suppose you are working as a manager in a bank. You have received four applications for loan disbursement (details of which are given in the table below). It other facts are remain similar, whom you would provide loan first so that loan repayment happen on time. (1)

| Name of applicants | Required documents | Collateral | Old Loan |
|---|---|---|---|
| Mohan | YES | YES | NO |
| Shyam | YES | NO | YES |
| Deepak | NO | NO | YES |
| Vinod | NO | NO | NO |

(a) Mohan (b) Shyam

(c) Deepak (d) Vinod

2. Who among the following proclaimed 'dams as temples of modern India'? (1)

(a) Mahatma Gandhi (b) Pandit Jawahar Lal Nehru

(c) Sardar Vallabh Bhai Patel (d) Lal Bahadur Shastri

3. Mrs. Poonam works in organized sector. State which of the following facilities she will enjoy? (1)

1. Regular wages
2. Paid leaves
3. Job insecurities

(a) Only 1 (b) Only 2

(c) Only 1 and 3 (d) Only 1 and 2

4. शाकाहारी भोजन में ...................... सर्वाधिक प्रोटीनदायक है। (1)

(a) बाजरा (b) गेहूँ

(c) चावल (d) दाल

5. किसी देश की औसत आय की गणना करने के लिए देश की कुल आय को किससे भाग दिया जाता है? (1)

(a) देश की कुल जनसंख्या (b) देश की आधी जनसंख्या

(c) देश की कमाने वाली जनसंख्या (d) देश की वयस्क जनसंख्या

6. एक कक्षा में पढ़ाते समय श्रीमती नीरू को उनकी एक विद्यार्थी ने बताया कि उसकी माताजी व पिताजी दोनों एक फैक्ट्री में कार्यरत है। काम से आने के बाद माताजी य पिताजी दोनों मिलकर घर की जिम्मेदारी को बराबर रूप से बांटते है एवं घर के हर फैसले में माताजी एवं पिताजी सभी से चर्चा करके निर्णय करते है। बताइए उपरोक्त उदाहरण क्या प्रदर्शित करता है? (1)

(a) धर्म के आधार पर भेदभाव (b) लिंग के आधार पर भेदभाव

(c) लिंग के आधार पर समानता (d) धर्म के आधार पर समानता

7. प्रशा के उस राजा का नाम बताइए जिसे वर्साय में हुए समारोह में जर्मनी का सम्राट घोषित कर दिया। (1)

(a) विलियम प्रथम (b) विलियम द्वितीय

(c) हेनरी IV (d) लुई VI

8. निम्नलिखित में से कौन–सा/से भारत में बाघ संरक्षण परियोजना का उदाहरण है? (1)

1. मानस बाघ रिजर्व

2. पेरियार बाघ रिजर्व

3. कॉरबेट राष्ट्रीय उद्यान

(a) केवल 1 व 2 (b) केवल 2 व 3

(c) केवल 1 व 3 (d) 1, 2 व 3 सभी

4. ___________ is the major source of protein in vegetarian food. (1)

(a) Bajra (b) Wheat

(c) Rice (d) Pulse

5. To calculate the average income of a country, total income of the country is divided by which of the following? (1)

(a) Total population of the country

(b) Half of the population of the country

(c) Earning population of the country

(d) Adult population of the country

6. While teaching in a class, Mrs. Neeru was told by her student that both her father and mother worked in a factory. After returning from factory, her parents share the responsibility equally and before taking any decision they discuss with everyone in the family. State what does the above example shows? (1)

(a) Discrimination on the basis of religion

(b) Discrimination on the basis of gender

(c) Equality on the basis of gender

(d) Equality on the basis of religion

7. Identify the name of Prussian king who was proclaimed German Emperor in a ceremony held at Versailles. (1)

(a) William I (b) William II

(c) Henry IV (d) Louis VI

8. Which among the following is an example/s of Tiger reserve project in India? (1)

1. Manas Tiger Reserve 2. Periyar Tiger Reserve

3. Corbett National Park

(a) Only 1 and 2 (b) Only 2 and 3

(c) Only 1 and 3 (d) All 1, 2 and 3

9. गलत कथन की पहचान कीजिए। (1)

(a) बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 'वन्दे मातरम्' की रचना की।

(b) महात्मा गांधी ने चंपारण में नील किसानों के आंदोलन का नेतृत्व किया।

(c) पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 'हिन्द स्वराज' नामक पुस्तक की रचना की।

(d) नटेसा शास्त्री ने 'द फोकलोर्स ऑफ सदर्न इंडिया' के नाम से तमिल लोक कथाओं का संकलन प्रकाशित किया।

10. सही मिलान करके उचित विकल्प का चयन कीजिए। (1)

| | **स्तंभ क** | | **स्तंभ ख** |
|---|---|---|---|
| a | संघ सूची | I | शिक्षा |
| b | राज्य सूची | II | प्रतिरक्षा |
| c | समवर्ती सूची | III | व्यापार एवं वाणिज्य |

(a) a-I, b-II, c-III (b) a-II, b-I, c-III

(c) a-III, b-I, c- II (d) a-II, b-III, c-I

11. निम्नलिखित घटनाओं के सही कालक्रम को दिए गए विकल्पों में से चुनिए - (1)

1. जेम्स ऑगस्टस हिक्की द्वारा साप्ताहिक पत्रिका बंगाल गजट का प्रकाशन

2. राजा राममोहन राय द्वारा संवाद कौमुदी का प्रकाशन

3. फारसी अखबार जाम-ए-जहाँ का प्रकाशन

4. रामचरितमानस का पहला मुद्रित संस्करण

विकल्प:

(a) 1, 2, 3, 4 (b) 4, 3, 2, 1

(c) 3, 2, 4, 1 (d) 1, 4, 2, 3

9. Choose the Incorrect option. (1)

(a) 'Vande Mataram' was written by Bankim Chandra Chattopadhyay.

(b) Mahatma Gandhi led the movement for Indigo planters in Champaran.

(c) The book named 'Hind Swaraj' was published by Pandit Jawahar Lal Nehru.

(d) A collection of Tamil folk tales, 'The Folklore of Southern India' was published by Natesa Sastri.

10. Match the following and Choose the correct option. (1)

| | **Column - A** | | **Column - B** |
|---|---|---|---|
| a | Central List | I | Education |
| b | State List | II | Defence |
| c | Concurrent List | III | Trade and Commerce |

(a) a-I, b-II, c-III (b) a-II, b-I, c-III

(c) a-III, b-I, c- II (d) a-II, b-III, c-I

11. Select the correct chronology of the following events from the given options - (1)

1. Publication of weekly magazine Bengal Gazette by James Augustus Hickey.

2. Publication of Samvad Kaumudi by Raja Rammohan Roy.

3. Publication of Persian newspaper Jam-e-jahan.

4. First printed edition of Ramcharitmanas.

Option:

(a) 1, 2, 3, 4 (b) 4, 3, 2, 1

(c) 3, 2, 4, 1 (d) 1, 4, 2, 3

12. निम्नलिखित में से किस राज्य में 'बांस ड्रिप सिंचाई प्रणाली' का उपयोग वर्षा जल संग्रहण के लिए काफी समय से किया जाता रहा है? (1)

(a) मेघालय (b) राजस्थान

(c) ओडिशा (d) पंजाब

13. एक देश में दो दल ही सत्ता के लिए चुनावों में भागीदारी करते हैं। उन दोनों दलों की नीतियों और कार्यक्रमों में समरूपता (एक जैसे) देखने को मिलती है। बताइए इस देश के राजनीतिक दल किस प्रकार की चुनौती का सामना कर रहे हैं: (1)

(a) विकल्पहीनता

(b) आंतरिक लोकतंत्र का अभाव

(c) वंशवाद

(d) अपराधिक तत्वों की बढ़ती संख्या

14. मोनाजाइट रेत में निम्नलिखित में से कौन-सा खनिज पाया जाता है? (1)

(a) खनिज तेल (b) यूरेनियम

(c) थोरियम (d) कोयला

15. निम्नलिखित विशेषताओं के आधार पर मृदा की पहचान कीजिए। (1)

1. ये मृदा आमतौर पर पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्रों में पाई जाती है।
2. इस मृदा के गठन में पर्वतीय पर्यावरण के अनुसार बदलाव आता है।
3. नदी घाटियों के निचले क्षेत्रों विशेषकर नदी सोपानों और जलोढ़ पंखों, आदि में ये मृदाएँ उपजाऊ होती हैं।

विकल्प:

(a) काली मृदा (b) वन मृदा

(c) लेटराइट मृदा (d) मरूस्थलीय मृदा

12. In which of the following states, bamboo drip irrigation system has been used for rain water harvesting for a long time? (1)

(a) Meghalaya (b) Rajasthan

(c) Odisha (d) Punjab

13. In a country only two parties participate in elections for power. There is similarity in the policies and programs of both the parties. State what kind of challenges are the political parties of this country facing? (1)

(a) Lack of meaningful choice

(b) Lack of internal democracy

(c) Dynastic succession

(d) Increasing number of muscle power

14. Which one of the following mineral is contained in the Monazite sand? (1)

(a) Mineral oil (b) Uranium

(c) Thorium (d) Coal

15. Identify the type of soil on the basis of following characteristics: (1)

1. This soil are found in the hilly and mountainous areas.
2. The soil texture varies according to the mountain environment where it is formed.
3. This fertile is soils found in the lower parts of the valleys particularly on the river terraces and alluvial fans.

(a) Black Soil (b) Forest Soil

(c) Laterite Soil (d) Arid Soil

16. निम्नलिखित में से क्या वैश्वीकरण को बढ़ाने में सहायक **नहीं** है? (1)

(a) सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (b) उदारीकरण

(c) परिवहन प्रौद्यागिकी (d) व्यापार अवरोधकों को लगाना

17. नीचे दो कथन दिए गए, अभिकथन (A) और कारण (R) कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए। (1)

**अभिकथन (A) :** सत्ता में लोगों की भागीदारी लोकतंत्र को मजबूत बनाती है।

**कारण (R) :** लोकतंत्र का बुनियादी सिद्धांत है कि जनता ही सारी राजनीतिक शक्ति का स्रोत है।

**विकल्प :**

(a) अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही है एवं कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।

(b) अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही है परन्तु कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।

(c) अभिकथन (A) सही है एवं कारण (R) गलत है।

(d) अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है।

18. नीचे दो कथन दिए गए, अभिकथन (A) और कारण (R) कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए। (1)

**अभिकथन (A) :** एक देश की अर्थव्यवस्था पर संकट का असर दूसरे देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है।

**कारण (R) :** वैश्वीकरण ने देशों की अर्थव्यवस्था को आपस में जोड़ दिया है।

**विकल्प :**

(a) अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही है एवं कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।

(b) अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही है परन्तु कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।

(c) अभिकथन (A) सही है एवं कारण (R) गलत है।

(d) अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है।

16. Which among the following is **Not** helpful in increasing the globalization? (1)

(a) Information and Communication Technology

(b) Liberalisation

(c) Transportation Technology

(d) Imposing trade barrier

17. The two statements are given below Assertion (A) and Reason (R). Read the statements and choose the correct option: (1)

**Assertion (A) :** Power sharing among people strengthen the democracy.

**Reason (R) :** One basic principle of democracy is that people are the source of all political power.

**Option :**

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(c) Assertion (A) is correct and Reason (R) is incorrect.

(d) Assertion (A) is incorrect but Reason (R) is correct.

18. The two statements are given below Assertion (A) and Reason (R). Read the statements and choose the correct option: (1)

**Assertion (A) :** A crisis in the economy of a one country also impacts the other country.

**Reason (R) :** Globalization has interconnected the economy of the countries.

**Option :**

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(c) Assertion (A) is correct and Reason (R) is incorrect.

(d) Assertion (A) is incorrect but Reason (R) is correct.

19. नीचे दो कथन दिए गए, अभिकथन (A) और कारण (R) कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए। (1)

**अभिकथन (A) :** चाय एक महत्वपूर्ण रोपण फसल है।

**कारण (R) :** भारत में चाय का उत्पादन नहीं होता है।

**विकल्प :**

(a) अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही है एवं कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।

(b) अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही है परन्तु कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।

(c) अभिकथन (A) सही है एवं कारण (R) गलत है।

(d) अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है।

20. नीचे दो कथन दिए गए, अभिकथन (A) और कारण (R) कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए। (1)

**अभिकथन (A) :** जापान की सबसे पुरानी पुस्तक डायमंड सूत्र 868 ई. में छपी।

**कारण (R) :** योहान गुटनबर्ग एक फ्रांसीसी यात्री था।

**विकल्प :**

(a) अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही है एवं कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।

(b) अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही है परन्तु कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।

(c) अभिकथन (A) सही है एवं कारण (R) गलत है।

(d) अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है।

19. The two statements are given below Assertion (A) and Reason (R). Read the statements and choose the correct option: (1)

**Assertion (A) :** Tea is an important plantation crop.

**Reason (R) :** There is no production of Tea in India.

**Option :**

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(c) Assertion (A) is correct and Reason (R) is incorrect.

(d) Assertion (A) is incorrect but Reason (R) is correct.

20. The two statements are given below Assertion (A) and Reason (R). Read the statements and choose the correct option: (1)

**Assertion (A) :** The oldest book of Japan, The Diamond Sutra was published in 868 AD.

**Reason (R) :** Johann Gutenberg was a French traveler.

**Option :**

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(c) Assertion (A) is correct and Reason (R) is incorrect.

(d) Assertion (A) is incorrect but Reason (R) is correct.

## खंड-ख ( अतिलघु उत्तरीय-प्रश्न )

**(4x2=8)**

21. सांस्कृतिक आदान-प्रदान में खाद्य पदार्थों की भूमिका का उल्लेख कीजिए। (2)

22. (क) उदाहरणों के माध्यम से बताइए सत्ता में साझेदारी क्यों आवश्यक है? (2)

अथवा

(ख) 'सत्ता में साझेदारी प्रदान न करना देश को गृहयुद्ध की तरफ ले जाता है।' श्रीलंका के विशेष उदाहरण की सहायता से कथन की पुष्टि कीजिए।

23. भारतीय संविधान के उन प्रावधानों का उल्लेख कीजिए जो भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य के रूप में स्थापित करते हैं। (2)

24. अपने दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाले किन्हीं दो खनिजों के नाम लिखिए। (2)

## खंड-ग ( लघु उत्तरीय-प्रश्न )

**(5x3=15)**

25. स्वयं सहायता समूह की कार्यप्रणाली पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। (3)

26. (क) चावल के उत्पादन के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए। (3)

अथवा

(ख) गेहूँ के उत्पादन के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए।

27. 'लोकतंत्र एक उत्तरदायी, जिम्मेवार और वैध शासन प्रणाली की स्थापना करता है।' कथन का विश्लेषण कीजिए। (3)

28. उत्पादन में तृतीयक क्षेत्रक की बढ़ती भूमिका की समीक्षा कीजिए। (3)

29. फ्रांसीसी क्रांति में मुद्रण संस्कृति की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए। (3)

## SECTION-B (Very Short Answer Type Questions)

**(4x2=8)**

21. Mention the role of food materials in the cultural exchange. (2)

22. (a) Explain through examples why power sharing is necessary? (2)

OR

(b) 'Not providing power sharing leads a country towards civil war. Justify the statement with the help of special example of Sri Lanka.

23. Mention those provisions of Indian Constitution which establish India as a secular state.(2)

24. Write the names of any two minerals used in your daily life. (2)

## SECTION-C (Short Answer Type Questions)

**(5x3=15)**

25. Write a brief note on the functioning of Self Help Group. (3)

26. (a) Describe the geographical conditions necessary for the production of rice. (3)

OR

(b) Describe the geographical conditions necessary for the production of wheat.

27. 'Democracy establishes an accountable, responsible and legitimate governance system.' Analyze the statement. (3)

28. Review the increasing role of tertiary sector in production. (3)

29. Evaluate the role of print culture in the French Revolution. (3)

## खंड-घ ( दीर्घ उत्तरीय-प्रश्न )

**(4x5=20)**

30. (क) भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में लोक-कथाओं, गीतों, चित्रों व प्रतीकों की भूमिका की व्याख्या कीजिए। (5)

अथवा

(ख) महात्मा गांधी द्वारा चलाए गए विभिन्न आंदोलनों के केन्द्रीय तत्वों की व्याख्या कीजिए।

31. (क) भाषा के आधार पर राज्यों का पुर्नगठन लोकतांत्रिक भारत की पहली चुनौती थी। भाषायी राज्यों की सफलता के आधार पर कथन की आलोचनात्मक समीक्षा कीजिए। (5)

अथवा

(ख) भारतीय संविधान के उन प्रावधानों का उल्लेख कीजिए जो भारतीय शासन व्यवस्था को संघीय शासन व्यवस्था के रूप में स्थापित करती है?

32. (क) भूमि संरक्षण के कुछ उपाय बताइए। (5)

अथवा

(ख) सतत पोषणीय विकास की आवश्यकताओं का वर्णन कीजिए।

33. (क) भारत में रिर्जव बैंक के कार्यों की परख कीजिए। (5)

अथवा

(ख) 'ग्रामीण क्षेत्रक आज भी साख के लिए अनौपचारिक क्षेत्रक पर निर्भर है।' कथन की परख कीजिए।

## SECTION-D (Long Answer Type Questions)

**(4x5=20)**

30. (a) Explain the role of folk tales, songs, pictures and symbols in the Indian independence movement. (5)

OR

(b) Explain the central elements of the various movements led by Mahatma Gandhi.

31. (a) Reorganization of states on the basis of language was the first challenge of democratic India.' Critically review the statement on the basis of success of linguistic states. (5)

OR

(b) Mention those provisions of the Indian Constitution which establish the Indian system of governance as a federal system?

32. (a) Mention some measures for land conservation. (5)

OR

(b) Describe the need of sustainable development.

33. (a) Examine the functions of the Reserve Bank of India. (5)

OR

(b) The rural sector is still dependent on the informal sector for credit. Examine the statement.

## खंड-ङ ( केस आधारित प्रश्न )

**(3x4=12)**

34. अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1+1+2=4)

जिन्हें आज हम जर्मनी, इटली और स्विट्ज़रलैंड के रूप में जानते हैं वे तब राजशाहियों, डचियों (duchies) और कैंटनों (cantons) में बँटे हुए थे, जिनके शासकों के स्वायत्त क्षेत्र थे। पूर्वी और मध्य यूरोप निरंकुश राजतंत्रों के अधीन थे और इन इलाकों में तरह-तरह के लोग रहते थे। वे अपने आप को एक सामूहिक पहचान या किसी समान संस्कृति का भागीदार नहीं मानते थे। अकसर वे अलग-अलग भाषाएँ बोलते थे और विभिन्न जातीय समूहों के सदस्य थे। उदाहरण के तौर पर, ऑस्ट्रिया-हंगरी पर शासन करने वाला हैब्सबर्ग साम्राज्य कई अलग-अलग क्षेत्रों और जनसमूहों को जोड़ कर बना था। इसमें ऐल्प्स के टिरॉल, ऑस्ट्रिया और सुडेटनलैंड जैसे इलाकों के साथ-साथ बोहेमिया भी शामिल था जहाँ के कुलीन वर्ग में जर्मन भाषा बोलने वाले ज़्यादा थे। हैब्सबर्ग साम्राज्य में लोम्बार्डी और वेनेशिया जैसे इतालवी-भाषी प्रांत भी शामिल थे। हंगरी में आधे लोग मैग्यार भाषा बोलते थे जबकि बाकी लोग विभिन्न बोलियों का इस्तेमाल करते थे। गालीसिया में कुलीन वर्ग पोलिश भाषा बोलता था। इन प्रभावशाली समूहों के अलावा, हैब्सबर्ग साम्राज्य की सीमा रेखाओं के भीतर भारी संख्या में खेती करने वाले लोग अधीन अवस्था में रहते थे-जैसे उत्तर में बोहेमियन और स्लोवाक, कार्निओला में स्लोवेन्स, दक्षिण में क्रोएट तथा पूरब की तरफ ट्रांसिल्वेनिया में रहने वाले राउमन लोग ऐसा फर्क राजनीतिक एकता को आसानी से बढ़ावा देने वाला नहीं था। इन तरह-तरह के समूहों को आपस में बाँधने वाला तत्व, केवल सम्राट के प्रति सबकी निष्ठा थी।

34.1 निरंकुश राजतंत्र से आप क्या समझते है? (1)

34.2 मैग्यार किस क्षेत्र में बोली जाती थी? (1)

34.3 सामूहिक पहचान की भावना को बढ़ाने में कौन-कौन से कारक सहायक है? (2)

## SECTION-E (Case Based Questions)

**(3x4=12)**

34. Read the passage given below and answer the following questions. (1+1+2-4)

What we know today as Germany, Italy and Switzerland were divided into kingdoms, duchies and cantons whose rulers had their autonomous territories. Eastern and Central Europe were under autocratic monarchies within the territories of which lived diverse peoples. They did not see themselves as sharing a collective identity or a common culture. Often, they even spoke different languages and belonged to different ethnic groups. The Habsburg Empire that ruled over Austria-Hungary, for example, was a patchwork of many different regions and peoples. It included the Alpine regions- The Tyrol, Austria and the Sudetenland - as well as Bohemia, Where the aristocracy was predominantly German-speaking, It also Included the Italian-speaking provinces of Lombardy and Venetia. In Hungary, half of the population spoke Magyar while the other Half spoke a variety of dialects. In Galicia, the aristocracy spoke Polish. Besides these three dominant groups, there also lived within The boundaries of the empire, a mass of subject peasant peoples - Bohemians and Slovaks to the north. Slovenes in Carniola, Croats To the south, and Roumans to the east in Transylvania. Such differences did not easily promote a sense of political unity. The only tie binding these diverse groups together was a common allegiance to the emperor.

34.1 What do you understand by absolute monarchy? (1)

34.2 In which region was Magyar spoken? (1)

34.3 What factors help in promoting the sense of collective identity? (2)

35. अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1+1+2=4)

कुछ देशों में सत्ता आमतौर पर दो मुख्य दलों के बीच ही बदलती रहती है। वहाँ अनेक दूसरी पार्टियाँ हो सकती हैं, वे भी चुनाव लड़कर कुछ सीटें जीत सकती हैं पर सिर्फ दो ही दल बहुमत पाने और सरकार बनाने के प्रबल दावेदार होते हैं। अमरीका और ब्रिटेन में ऐसी ही दो दलीय व्यवस्था है। जब अनेक दल सत्ता के लिए होड़ में हों और दो दलों से ज्यादा के लिए अपने दम पर या दूसरों से गठबंधन करके सत्ता में आने का ठीक-ठाक अवसर हो तो इसे बहुदलीय व्यवस्था कहते हैं। भारत में भी ऐसी ही बहुदलीय व्यवस्था है। इस व्यवस्था में कई दल गठबंधन बनाकर भी सरकार बना सकते हैं। जब किसी बहुदलीय व्यवस्था में अनेक पार्टियों चुनाव लड़ने और सत्ता में आने के लिए आपस में हाथ मिला लेती हैं तो इसे गठबंधन या मोर्चा कहा जाता है।

35.1 संयुक्त राज्य अमेरिका में द्विदलीय प्रणाली प्रचलित है। टिप्पणी कीजिए। (1)

35.2 बहुदलीय प्रणाली को समझाइये। (1)

35.3 आपके अनुसार भारत के लिए किस प्रकार की दलीय व्यवस्था बेहतर होगी और क्यों? (2)

36. नीचे दी गई तालिका का अध्ययन कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1+1+2=4)

तालिका: हरियाणा, केरल और बिहार के कुछ तुलनात्मक आँकड़े

| राज्य | प्रति व्यक्ति आय 2018-19 के लिए (रु. में) | शिशु मृत्यु दर (2018) | साक्षरता दर % (2017-18) | निवाल उपस्थिति अनुपात (2017-18) |
|---|---|---|---|---|
| हरियाणा | 236147 | 30 | 82 | 61 |
| केरल | 204105 | 7 | 94 | 83 |
| बिहार | 40982 | 32 | 62 | 43 |

*Source: Economic Survey 2020-21, P.A 29. P.A 157, National Sample Survey Organisation (Report No. 585), National statistical office, Government of India.*

36.1 किस राज्य में प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है? (1)

36.2 आंकड़ों के आधार पर सबसे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ किस राज्य में होने की संभावना है? (1)

36.3 निवल उपस्थिति अनुपात की व्याख्या कीजिए। (2)

35. Read the passage given below and answer the following questions. (1+1+2-4)

In some countries, power usually changes between two main parties. Several other parties may exist, contest elections and win a few seats. In the national legislatures. But only the two main parties have a serious chance of winning majority of seats to form government. Such a party system is called two-party system. The United States of America and The United Kingdom are examples of two-party system. If several parties compete for power, and more than two parties has a reasonable chance of coming to power either on their own strength or in alliance with others, we call it a multiparty system. Thus in India, we have a multiparty system. In this system, the government is formed by various parties coming together in a coalition. When several parties in a multi-party system join hands for the purpose of contesting elections and winning power, it is called an alliance or a front.

35.1 Two party system is prevalent in United States of America. Comment. (1)

35.2 Explain multiparty system. (1)

35.3 According to you which type of party system would be better for India and why? (2)

36. Read the table given below and answer the following questions. (1+1+2-4)

TABLE: SOME COMPARATIVE DATA ON HARYANA, KERALA AND BIHAR

| State | Per Capita Income For 2018-19 (in Rs) | Infant Motality Rate per 1,000 Live births (2018) | Literacy Rate % (2017-18) | Net Attendance Ratio (2017-18) |
|---|---|---|---|---|
| Haryana | 236147 | 30 | 82 | 61 |
| Kerala | 204105 | 7 | 94 | 83 |
| Bihar | 40982 | 32 | 62 | 43 |

*Source: Economic Survey 2020-21, P.A 29, P.A 157, National Sample Survey Organisation (Report No.585), National statistical office, Government of India.*

36.1 Which state has the highest per capita income? (1)

36.2 Based on statistics, which state is likely to have the best health facilities? (1)

36.3 Explain net attendance ratio. (2)

## खंड-च ( मानचित्र आधारित-प्रश्न )

**(2+3=5)**

37. (a) भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा मानचित्र पर दो स्थानों A और B से अंकित किया गया है। इन स्थानों को नीचे दी गई जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए: (2x1=2)

(I) उस स्थान की पहचान कीजिए जहाँ सितम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

(II) उस स्थान की पहचान कीजिए जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकांड हुआ था।

(b) भारत के इसी राजनीतिक रेखा मानचित्र में, निम्नलिखित में से किन्हीं तीन को उपयुक्त चिन्हों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए: (3x1=3)

(i) विशाखापट्नम् पत्तन

(ii) पारादीप पत्तन

(iii) इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन

(iv) छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन

नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37 के स्थान पर हैं– किन्हीं पाँच प्रश्नो के उत्तर दीजिए। (5x1=1)

(37.1) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ सितम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ।

(37.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकांड हुआ था।

(37.3) उस राज्य केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ विशाखापट्नम पत्तन स्थित है।

(37.4) उस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ पारादीप पत्तन स्थित है।

(37.5) उस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन स्थित है।

(37.6) उस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन स्थित है।

## SECTION-F (Map Based Questions)

**(2+3=5)**

37. (a) Two places A and B have been marked on the given political outline map of India. Identify these places with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them: (2x1=2)

    (i) Identify the place where the Indian National Congress Session was held in September 1920.

    (ii) Identify the place, where the Jallianwala Bagh massacre occurred.

    (b) On the same political outline map of India, locate and label any three of the following with suitable symbols: (3x1=3)

    (i) Vishakhapatnam port

    (ii) Paradwip port

    (iii) Indira Gandhi International Airport

    (iv) Chhatrapati Shivaji Maharaj Airport

Note: The following questions are for the Visually Impaired Candidates only, in lieu of Q. No. 37. Answer any five questions. (5x1=1)

37.1 Name the place where the Indian National Congress session was held in September 1920.


37.2 Name the place where Jallianwala Bagh massacre occurred.

37.3 Name the State/Union Territory where Vishakhapatnam port is located.

37.4 Name the State/Union Territory where Paradip port is located.

37.5 Name the State/Union Territory where Indira Gandhi International Airport is located.

37.6 Name the State/Union Territory where Chhatrapati Shivaji Maharaj International Airport is located.


भारत– राजनैतिक
INDIA-POLITICAL
68°
72°
76°
80°
84°
88°
92°
96°
36°
32°
28°
24°
23½
20°
16°
12°
8°
B
A
Tropic of cancer
Scale
1cm=175 Kms (approx)